## खबर संक्षेप

### कल अवन्ती- बाई बलिदान दिवस



**मण्डला।** प्रथम स्वतंत्रता संग्राम की क्रांति में देश की रक्षा करते हुए अपने प्राणों का त्याग करने वाली वीरागंना रानी अवन्ती बाई लोधी का बलिदान दिवस कल 20 मार्च को श्रद्धा के साथ पूरे देश में मनाया जायेगा इसी क्रम में रानी अवन्ती बाई संघर्ष समिति, जिला लोधी क्षत्रीय समाज एवं आलोक संघ मण्डला द्वारा शहर के लालीपुर प्रतिमा स्थल पर समारोह आयोजित किया गया है। उक्त समारोह में आयोजकों द्वारा अधिकाधिक संख्या में सम्मिलित होने का आग्रह किया गया है।

### फेल ट्रांसफार्मर बदला, ग्राम इंद्री में बिजली आपूर्ति बहाल

**मण्डला।** ग्राम इंद्री में फेल हुए ट्रांसफार्मर को बदलकर विद्युत आपूर्ति बहाल कर दी गई है। ग्रामीणों ने 17 मार्च को जनसुनवाई में शिकायत दर्ज कराई थी कि ट्रांसफार्मर खराब होने से कृषि फसलों को नुकसान हो रहा है। शिकायत के बाद सहायक अभियंता द्वारा मामले की जांच की गई, जिसमें पाया गया कि ट्रांसफार्मर 16 मार्च को खराब हुआ था। तत्परता दिखाते हुए 17 मार्च को ही ट्रांसफार्मर बदलकर बिजली आपूर्ति सुचारू कर दी गई।

### 24 कनेक्शन किए स्थायी रूप से विच्छेदित

**मण्डला।** ग्राम कचनारी के ग्रामीणों द्वारा 17 मार्च को जनसुनवाई में शिकायत दर्ज कराई गई कि बिना बिजली कनेक्शन उपयोग किए ही उनके नाम पर बिल जारी किए जा रहे हैं। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए 18 मार्च को तहसीलदार घुघरी, कनिष्ठ अभियंता बिछिया एवं कनिष्ठ अभियंता घुघरी द्वारा संयुक्त जांच की गई। जांच में पाया गया कि ग्राम में कुल 24 ऐसे कनेक्शन थे, जिनका उपयोग नहीं हो रहा था, फिर भी उनके नाम पर विद्युत बिल जारी किए जा रहे थे। इस पर त्वरित कार्रवाई करते हुए सभी 24 कनेक्शनों को स्थायी रूप से विच्छेदित (पी.डी.) कर दिया गया है। साथ ही, इस मामले में लापरवाही पाए जाने पर तत्कालीन कनिष्ठ अभियंता को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। ग्रामीणों ने गांव में शेष विद्युतीकरण कार्य शीघ्र पूर्ण कराने की मांग भी की है।

## वन समिति अध्यक्षों को मोहरा बनाकर काष्ठ लाभांश राशि में गड़बड़झाला

# भ्रष्टाचार का जरिया बनी वन समितियाँ






*** मशीनों से कराया गया काम, नहीं दिया जा रहा हिसाब।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मण्डला

वन विभाग द्वारा काष्ठ लाभांश की राशि से कराये गये कार्यो की पोल खुलना शुरू हो गई है वन विभाग के अधीनस्थ जिले में अनेकों वन समितियों का गठन किया गया है जिसमें सदस्य एवं अध्यक्ष स्थानीय व्यक्ति नियुक्त किये जाते है और समिति सचिव विभागीय व्यक्ति को बनाया जाता है जिसके पास वित्तीय अधिकार रहता है इन समितियों को प्राप्त काष्ठ लाभांश की राशि से ग्राम विकास, वानकीय कार्य एवं अन्य निर्माण कार्य कराये गये है जिसमें बेहद गड़बड़ी होने की आशंका व्यक्त की जा रही है ऐसे ही एक मामले की शिकायत पूर्व सामान्य वन परिक्षेत्र अंजनिया की वन समिति टिकराटोला बीट साजपानी के सदस्यों द्वारा कलेक्टर की जनसुनवाई समेत अन्य विभागीय अधिकारियों को करते हुए आरोप लगाया गया है कि अक्टूबर 2025 में बेरटोला स्कूल के पास से कोंडानाला तक बनाई गई 2 किलोमीटर की ग्रेवल सड़क जिसमें सिर्फ 4-5 दिन तक ही मजदूरों से काम कराया गया और पूरा काम मशीनों से कराया गया है और मजदूरों को दो सौ रूपयें प्रतिदिन के हिसाब से भुगतान किया गया है और निर्माण अधूरा है लेकिन राशि ग्यारह लाख रूपये निकाल ली गई है इसी तरह वर्ष 2023-24 में कोंडानाला से रामसिंह यादव के घर तक ग्रेवल सड़क गुणवत्ताविहीन बनाई गई है जो पानी में बह गई है साथ ही वर्ष 2022-23 में स्कूल से सुक्खू भारतीया के घर तक बनाई गई ग्रेवल सड़क भी गुणवत्ताविहीन है शिकायत पत्र में उल्लेख किया गया है कि विभाग के कमल सिंह धुर्वे एवं नरेश्वरी धुर्वे द्वारा समिति सदस्यों को कैशबुक, पासबुक प्रमाणक लेखा- जोखा एवं आय-व्यय का हिसाब नहीं बताया जा रहा है समिति की बैठक का आयोजन भी नहीं किया जाता है समिति सदस्यों द्वारा हिसाब पूछे जाने पर अभद्रता की जाती है पीड़ित सदस्यों द्वारा यह आरोप भी लगाया गया है कि वन्यप्राणियों से पशु हानि प्रकरण में पशु मालिकों को मुआवजा राशि दिलाने के एवज में लेनदेन की मांग की जाती है। सूत्रों की माने तो यह रवैया सिर्फ एक समिति का नहीं है पूरे जिले में काष्ठ लाभांश की राशि में गड़बड़झाला किये जाने की चर्चा है। पीड़ितों द्वारा जांच की मांग करते दोषियों के विरूद्ध कार्यवाही करने की गुहार लगाई है।



# बड़झर माध्यमिक शाला को मिला नए भवन का तोहफा



*** लेकिन पुराने अधूरे कक्षों में गड़बड़ी पर उठे सवाल।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मण्डला

जिले के विकासखंड मोहगांव अंतर्गत ग्राम बड़झर में संचालित माध्यमिक शाला वर्षों से भवन के अभाव से जूझ रही थी। शाला में पदस्थ शिक्षक भी बैठक व्यवस्था अनुकूल न होने के कारण बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने में असमर्थ थे। ग्रामवासियों द्वारा लंबे समय से नए शाला भवन की मांग की जा रही थी। इस संबंध में जनपद पंचायत मोहगांव के उपाध्यक्ष एवं शिक्षा समिति अध्यक्ष शिवकुमार मिश्रा (अब्बू भैया) द्वारा समय-समय पर विभागीय अधिकारियों को अवगत कराया गया।

इन प्रयासों के परिणामस्वरूप अब विभाग द्वारा नए शाला भवन की स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। इससे ग्राम में खुशी का माहौल है और जल्द ही बच्चों को बेहतर सुविधाओं के साथ शिक्षा प्राप्त करने का अवसर मिलेगा। शाला परिवार एवं ग्रामवासियों ने इस पहल के लिए विभागीय अधिकारियों का आभार व्यक्त किया है।

हालांकि, इस बीच एक महत्वपूर्ण सवाल भी सामने आ रहा है। माध्यमिक शाला बड़झर के लिए वर्ष 2007-08 में दो अतिरिक्त कक्षों के निर्माण हेतु 4,51,400 रुपये की राशि स्वीकृत की गई थी। निर्माण एजेंसी के रूप में ग्राम पंचायत को जिम्मेदारी सौंपी गई थी। विभागीय पोर्टल के अनुसार यह राशि खर्च भी दर्शाई गई है और निर्माण कार्य पूर्ण बताया गया है, लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही बयां कर रही है।

स्थानीय लोगों के अनुसार ये कक्ष आज भी अधूरे पड़े हैं और खंडहर का रूप ले चुके हैं। निर्माण कार्य की गुणवत्ता इतनी खराब रही कि भवन का लेंटर (छत) झुक गया है, जिससे शाला प्रबंधन ने बच्चों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए इन कक्षों में प्रवेश बंद कर रखा है। ऐसी स्थिति में विभागीय पोर्टल पर इन्हें "रेडी फॉर यूज" दर्शाया जाना गंभीर अनियमितता और लापरवाही को उजागर करता है।

ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय पर इन कक्षों का निर्माण सही तरीके से हुआ होता तो आज बच्चों को इस प्रकार की समस्याओं का सामना नहीं करना पड़ता। उन्होंने जिला कलेक्टर से मामले की निष्पक्ष जांच कराने और दोषियों के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई की मांग की है।

# नरवाई प्रबंधन के लिए नैनपुर एसडीएम ने ली बैठक




हरिभूमि न्यूज ▶▶| मण्डला

कलेक्टर सोमेश मिश्रा के निर्देशानुसार अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) नैनपुर द्वारा नरवाई प्रबंधन के संबंध में बैठक आयोजित की गई। बैठक में नरवाई (फसल अवशेष) को जलाने की घटनाओं पर प्रभावी रोक लगाने तथा किसानों को इसके दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने पर विशेष चर्चा की गई। बैठक में सहायक यंत्री कृषि, तहसीलदार नैनपुर, नायब तहसीलदार, थाना प्रभारी नैनपुर, कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी एवं वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी सहित क्षेत्र के हार्वेस्टर मालिक उपस्थित रहे।

अनुविभागीय अधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि हार्वेस्टर संचालक यह सुनिश्चित करें कि कटाई के दौरान नरवाई का उचित प्रबंधन किया जाए तथा किसी भी स्थिति में उसे जलाया न जाए। नरवाई जलाने से पर्यावरण प्रदूषण, मृदा की उर्वरता में कमी तथा जनस्वास्थ्य पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों के संबंध में भी विस्तार से जानकारी दी गई।

साथ ही अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि क्षेत्र में सतत निगरानी रखी जाए एवं नरवाई जलाने की घटनाओं पर तत्काल प्रभाव से नियमानुसार कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। किसानों को वैकल्पिक उपायों जैसे अवशेष प्रबंधन तकनीकों के उपयोग के लिए प्रेरित करने पर भी बल दिया गया। प्रशासन द्वारा आमजन एवं कृषकों से अपील की गई है कि वे नरवाई न जलाएं तथा पर्यावरण संरक्षण में सक्रिय सहभागिता निभाएं।

## विभागीय संयुक्त परामर्शदात्री समिति की बैठक संपन्न

*** कर्मचारियों की समस्याओं पर हुई चर्चा।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मण्डला



कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाव मण्डला में विभागीय संयुक्त परामर्शदात्री समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में एजेंडावार चर्चा करते हुए मनोज भास्कर की अध्यक्षता में विभागीय संयुक्त परामर्शदात्री समिति की बैठक में उन्होंने कहा कि सभी अपने अधीनस्थ अधिकारियों कर्मचारियों के विभिन्न लंबित प्रकरणों के संबंध में निराकरण की जा चुकी है।बैठक में कर्मचारियों के सातवें वेतनमान, के निर्धारण, समयमान वेतनमान, कर्मचारियों की सेवा पुस्तिका एवं सेवा सत्यापन, कर्मचारियों के स्वत्त्व भुगतान, वरिष्ठता सूची, विभागीय भविष्य निधि पर्ची, पेंशन प्रकरण, अनुकम्पा नियुक्ति प्रकरण सहित अन्य विषयों पर कर्मचारी संगठनों के प्रतिनिधियों एवं विभागीय अधिकारी के साथ विमर्श किया गया। इस अवसर पर राधेलाल नरेटी, के डी दुबे, भी के राय, सतीश चन्द्रौल, मिश्रीलाल यादव, एन के शुक्ला, एकल कुमार पटेल, गजराज मरावीं, प्रकाशचन्द्र वरकड़े राजीव उसराठे, सहित संबंधित अधिकारी एवं विभागीय कर्मचारी संगठनों के प्रतिनिधि उपस्थित रहें।

## ज्ञापन | समय पर नहीं मिल सकी ग्रामीणों को जानकारी।

# भूमि हस्तांतरण मामले में आदिवासी समाज ने सौंपा ज्ञापन






*** पैसा एक्ट लागू लेकिन नियम लागू नहीं।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मण्डला/निवास

**मंडला जिले के निवास में बुधवार को ग्रामीणों ने राज्यपाल के नाम नायब तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बनार ग्राम अंतर्गत जमीन के हस्तांतरण पर आपत्ति जताई गई है।**

जिला कलेक्टर के आदेश के परिपालन में तहसील कार्यालय निवास द्वारा दिनांक 4-12-25 के पत्र अनुसार बनार गांव में मौजूद पांच भूखंडों को बसनिया पुनर्वास हेतु आवंटित करने हेतु दावा आपत्ति 18 दिसम्बर 25 तक मांगा गया था, और नायब तहसीलदार के अनुसार ग्राम में इस आशय का नोटिस भी चस्पा किया गया था, लेकिन ग्रामीणों को इसकी समय पर जानकारी नहीं मिल पाई वहीं नियत तिथि से तकरीबन तीन माह बाद ग्रामीणों आपत्ति दर्ज कराते हुये यह आरोप लगाया है कि हमें दो दिन पूर्व ही ग्राम पंचायत के मोबेलाइजर के माध्यम से जानकारी मिली है।

ग्रामीण ने बताया कि गांव के उक्त पांच भूखंडों में तीस हेक्टेयर जमीन आती है जिसका ग्रामवासी वर्षों से समुदायिक इस्तेमाल करते आ रहे हैं अतः किसी अन्य कार्य हेतु किसी संस्था को यह जमीन आवंटित करने से ग्रामवासियों को परेशानी होगी। शिकायत कर्ताओं का कहना है कि प्रदेश की अधिकांश पंचायतों में पैसा एक्ट लागू है इसलिए बिना ग्राम पंचायत की सहमति प्रस्ताव के जमीन आवंटित नहीं की जा सकती है।

ज्ञात हो कि सरकार द्वारा जिले के बसनिया ग्राम में बांध बनाया जा रहा के, जिसका सैकड़ों गांवों के लोग व बसनियां बांध विरोधी संघर्ष समिति के पदाधिकारी लंबे अरसे से विरोध करते आ रहे हैं वहीं इसके डूब क्षेत्र में आने वाले ग्रामों का विस्थापन भी किया जाना है, साथ ही काफी जंगल भी अपना अस्तित्व खो देंगे ऐसे में राजस्व विभाग उक्त जमीन के बदले में अन्य पंचायत क्षेत्र की लगभग तीस हेक्टेयर जमीन फारेस्ट विभाग को वृक्षारोपण हेतु दे रहा है ताकि उजड़ने वाले वनों कि भरपाई समय रहते की जा सके।

### इनका कहना है

*बसनियां बांध परियोजना से कुछ जंगल प्रभावित होंगे जिसकी प्रशासनिक स्तर पर भरपाई करने विभिन्न ग्रामों में वृक्षारोपण किया जाना है, तत्संबंधी कर्रवाई की जा रही है वहीं ग्रामीणों को लगा कि हमारे गांव में बसनिया विस्थापियों को बसाया जाने भूमि आवंटित कि जाने की कर्रवाई की जा रही है, इस आशय का ज्ञापन मुझे दिया गया है जिसे संबंधित उच्चाधिकारियों को प्रेषित किया जायेगा।*

***-आलोक सोनी,***
**नायाब तहसीलदार**

**कार्यालय ग्राम पंचायत मानेगांव जनपद पंचायत नारायणगंज मण्डला**

-:निविदा सूचना:-

ग्राम पंचायत मानेगांव में समस्त पक्के निर्माण कार्य हेतु सामग्री लोहा, गिट्टी, सीमेंट, ईट, रेत एवं स्टेशनरी सामग्री आदि की आवश्यकता है वर्ष 2026-27 के लिये जी.एस.टी. बिल वाले निर्माण सामग्री सप्लायरों से बंद लिफाफे में 7 दिवस के अंदर निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा संबंधी विस्तृत जानकारी कार्यालय के सूचना पटल पर पढ़ी व देखी जा सकती है।

सरपंच श्रीमति सुनीता मसराम — सचिव चेलाराम मार्को

**कार्यालय ग्राम पंचायत कोडरा उर्फ रतनपुर चौकी जनपद पंचायत नारायणगंज मण्डला**

-:निविदा सूचना:-

ग्राम पंचायत कोडरा उर्फ रतनपुर चौकी में समस्त पक्के निर्माण कार्य हेतु सामग्री लोहा, गिट्टी, सीमेंट, ईट, रेत एवं स्टेशनरी सामग्री आदि की आवश्यकता है वर्ष 2026-27 के लिये जी.एस.टी. बिल वाले निर्माण सामग्री सप्लायरों से बंद लिफाफे में 7 दिवस के अंदर निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा संबंधी विस्तृत जानकारी कार्यालय के सूचना पटल पर पढ़ी व देखी जा सकती है।

सरपंच श्रीमति सिया सोयाम — सचिव श्रीमति ललिता यादव

**कार्यालय ग्राम पंचायत नैझर जनपद पंचायत नारायणगंज मण्डला**

-:निविदा सूचना:-

ग्राम पंचायत नैझर में समस्त पक्के निर्माण कार्य हेतु सामग्री लोहा, गिट्टी, सीमेंट, ईट, रेत एवं स्टेशनरी सामग्री आदि की आवश्यकता है वर्ष 2026-27 के लिये जी.एस.टी. बिल वाले निर्माण सामग्री सप्लायरों से बंद लिफाफे में 7 दिवस के अंदर निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा संबंधी विस्तृत जानकारी कार्यालय के सूचना पटल पर पढ़ी व देखी जा सकती है।

सरपंच रामचरन मसराम — सचिव रमेश कोकड़िया

**कार्यालय ग्राम पंचायत सिंगौधा जनपद पंचायत नारायणगंज मण्डला**

-:निविदा सूचना:-

ग्राम पंचायत सिंगौधा में समस्त पक्के निर्माण कार्य हेतु सामग्री लोहा, गिट्टी, सीमेंट, ईट, रेत एवं स्टेशनरी सामग्री आदि की आवश्यकता है वर्ष 2026-27 के लिये जी.एस.टी. बिल वाले निर्माण सामग्री सप्लायरों से बंद लिफाफे में 7 दिवस के अंदर निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा संबंधी विस्तृत जानकारी कार्यालय के सूचना पटल पर पढ़ी व देखी जा सकती है।

सरपंच श्रीमति उमिया बाई सौयाम — सचिव हरदयाल मरावी

**कार्यालय ग्राम पंचायत मल्ठार जनपद पंचायत नारायणगंज मण्डला**

-:निविदा सूचना:-

ग्राम पंचायत मल्ठार में समस्त पक्के निर्माण कार्य हेतु सामग्री लोहा, गिट्टी, सीमेंट, ईट, रेत एवं स्टेशनरी सामग्री आदि की आवश्यकता है वर्ष 2026-27 के लिये जी.एस.टी. बिल वाले निर्माण सामग्री सप्लायरों से बंद लिफाफे में 7 दिवस के अंदर निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा संबंधी विस्तृत जानकारी कार्यालय के सूचना पटल पर पढ़ी व देखी जा सकती है।

सरपंच कुंवर सिंह — सचिव शोभन सिंह वरकड़े

**कार्यालय ग्राम पंचायत खम्हरिया जनपद पंचायत नारायणगंज मण्डला**

-:निविदा सूचना:-

ग्राम पंचायत खम्हरिया में समस्त पक्के निर्माण कार्य हेतु सामग्री लोहा, गिट्टी, सीमेंट, ईट, रेत एवं स्टेशनरी सामग्री आदि की आवश्यकता है वर्ष 2026-27 के लिये जी.एस.टी. बिल वाले निर्माण सामग्री सप्लायरों से बंद लिफाफे में 7 दिवस के अंदर निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा संबंधी विस्तृत जानकारी कार्यालय के सूचना पटल पर पढ़ी व देखी जा सकती है।

सरपंच प्रेम सिंह मार्को — सचिव भगत सिंह धुर्वे

**कार्यालय ग्राम पंचायत बनार जनपद पंचायत नारायणगंज मण्डला**

-:निविदा सूचना:-

ग्राम पंचायत बनार में समस्त पक्के निर्माण कार्य हेतु सामग्री लोहा, गिट्टी, सीमेंट, ईट, रेत एवं स्टेशनरी सामग्री आदि की आवश्यकता है वर्ष 2026-27 के लिये जी.एस.टी. बिल वाले निर्माण सामग्री सप्लायरों से बंद लिफाफे में 7 दिवस के अंदर निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा संबंधी विस्तृत जानकारी कार्यालय के सूचना पटल पर पढ़ी व देखी जा सकती है।

सरपंच सत्वीलाल सोयाम — सचिव राजेश मरावी

**कार्यालय ग्राम पंचायत जुझारी जनपद पंचायत नारायणगंज मण्डला**

-:निविदा सूचना:-

ग्राम पंचायत जुझारी में समस्त पक्के निर्माण कार्य हेतु सामग्री लोहा, गिट्टी, सीमेंट, ईट, रेत एवं स्टेशनरी सामग्री आदि की आवश्यकता है वर्ष 2026-27 के लिये जी.एस.टी. बिल वाले निर्माण सामग्री सप्लायरों से बंद लिफाफे में 7 दिवस के अंदर निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा संबंधी विस्तृत जानकारी कार्यालय के सूचना पटल पर पढ़ी व देखी जा सकती है।

सरपंच श्रीमति सरस्वती कुलस्ते — सचिव धनीराम वरकड़े

## खबर संक्षेप

### पत्रकार अमित शुक्ला पर जानलेवा हमला, पत्रकारों में आक्रोश

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** बीती रात राष्ट्रीय श्रमजीवी पत्रकार परिषद के जिला अध्यक्ष एवं जिला स्तरीय अधिमान्य पत्रकार अमित शुक्ला के ऊपर अज्ञात असामाजिक तत्वों द्वारा जानलेवा हमला, लूटपाट एवं मारपीट की गंभीर घटना को अंजाम दिया गया। इस कायराना घटना को लेकर जिले भर के पत्रकारों में भारी आक्रोश व्याप्त है। राष्ट्रीय श्रमजीवी पत्रकार परिषद के समस्त पदाधिकारी एवं पत्रकार साथियों ने अनूपपुर कोतवाली पहुंचकर कोतवाली प्रभारी अरविंद जैन से मुलाकात की और आरोपियों के विरुद्ध कठोर एवं त्वरित कार्रवाई की मांग की। कोतवाली प्रभारी द्वारा आश्वासन दिया गया कि मामले में कानून के तहत सख्त कार्रवाई की जाएगी और दोषियों को जल्द गिरफ्तार किया जाएगा। पत्रकारों ने स्पष्ट कहा है कि यदि शीघ्र न्याय नहीं मिला, तो आगे उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होना पड़ेगा। पत्रकारों की सुरक्षा के साथ कोई समझौता नहीं होगा।

### हल्की बारिश के साथ जोरदार गिरे ओले

**हरिभूमि न्यूज भालूमाड़ा।** पिछले दो दिनों से आसमान पर काले बादल छाए हुए थे जिसे देख लोग अनुमान लगा रहे थे कि हो सकता है बारिश हो और लोगों का अनुमान बुधवार की शाम सही साबित हुई समय लगभग 5:35 में पहले हल्की-हल्की बारिश शुरू हुई और उसी के साथ में छोटे-छोटे ओले और चंद मिनट में ही बारिश कम ओले ज्यादा हो गए और लगभग दो-तीन मिनट तक जोरदार ओले गिरे और बारिश भी होती रही हालांकि बारिश और ओले गिरने से आम जनों को थोड़ी ठंडक तो महसूस हुई लेकिन किसानों के लिए यह बारिश और ओले किसी परेशानी से कम नहीं है अभी भी अनेक किसानों के गेहूं की फसल खेतों पर पक कर तैयार है जिससे भारी नुकसान होने की आशंका है वही इस बार आम में अच्छे बौर आए थे और उम्मीद जगी थी कि यदि बारिश और ओले से बच जाएंगे तो इस मौसम में आम खाने को मिलेगा लेकिन बारिश और ओले ने आम की फसल को काफी नुकसान पहुंचाया वहीं महुआ के फूलों के भी झड़ने से नुकसान हुआ है। आज की बारिश और ओले गिरने से शहरी क्षेत्र में तो लोगों को ठंडक और मौसम सुहाना लगा होगा लेकिन किसानों के चेहरे पर चिंता की लकीर जरूर दिखाई पड़ने लगी है। इस बारिश ओले से खेतों में खड़ी फसल मटर, अलसी, सरसो, अरहर, दलहन जैसी फसलों को थोड़ी बहुत नुकसान की संभावना बताई जा रही है क्योंकि यह सभी फसल लगभग लगभग पक कर तैयार है कुछ किसानों ने तो फसल काट ली है लेकिन अभी भी कुछ किसानों की फसल खेत पर ही है हालांकि लोगों का कहना है की थोड़ी बारिश और थोड़े ओले से ज्यादा नुकसान नहीं होना चाहिए।

### अनुपपुर में क्रिकेट बॉक्स निर्माण जिला प्रशासन का सराहनीय प्रयास- विधायक बिसाहूलाल सिंह

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** विधायक अनूपपुर बिसाहूलाल सिंह ने कहा है कि मध्य प्रदेश सरकार खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने हेतु विभिन्न योजनाएं संचालित कर रही है, जिनके माध्यम से युवा राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे हैं।
यह प्रदेश के लिए गर्व एवं सराहना का विषय है। उन्होंने कहा कि अनूपपुर नगर में खेल को बढ़ावा देने के उद्देश्य से क्रिकेट बॉक्स का निर्माण जिला प्रशासन का सराहनीय प्रयास है। इसके निर्माण से जिले की नई खेल प्रतिभाओं को उभरने का सुनहरा अवसर प्राप्त होगा। विधायक बिसाहूलाल सिंह आज अनूपपुर में नवीन क्रिकेट बॉक्स के लोकार्पण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

### ग्राम पंचायत क्षेत्र में स्वागत गेट से बढ़ा विवाद

# सीमांकन से पहले निर्माण पर घिरा नगर परिषद

डिंडौरी जिले के शहपुरा में नगर परिषद द्वारा स्वागत गेट निर्माण को लेकर विवाद गहराता जा रहा है। ग्राम पंचायत बिजौरी के पोषक ग्राम चरगांव की राजस्व सीमा के भीतर कथित रूप से नियम विरुद्ध निर्माण कराए जाने के आरोप सामने आए हैं।

हरिभूमि न्यूज शहपुरा।




इस संबंध में 17 मार्च 2026 को अनुविभागीय अधिकारी राजस्व शहपुरा को ज्ञापन सौंपा गया है।शिकायतकर्ताओं ने आरोप लगाया है कि नगर परिषद शहपुरा द्वारा नगर सीमाओं पर स्वागत गेट बनाए जा रहे हैं लेकिन मेहदवानी रोड पर गंभीर लापरवाही बरती गई। पूर्व सूचना दिए जाने के बावजूद बिना सीमांकन के ही ग्राम पंचायत क्षेत्र में निर्माण करा दिया गया जिससे दोनों निकायों के बीच विवाद की स्थिति बन गई है।बताया गया है कि यह मार्ग एक महत्वपूर्ण राष्ट्रीय राजमार्ग है और भविष्य में इसे फोरलेन किए जाने की स्वीकृति भी मिल चुकी है। इसके बावजूद यहां स्वागत गेट का निर्माण कराना शासकीय धन के दुरुपयोग के रूप में देखा जा रहा है। आशंका जताई जा रही है कि सड़क चौड़ीकरण के दौरान इस निर्माण को हटाना पड़ सकता है जिससे आर्थिक नुकसान होगा।ज्ञापन में मांग की गई है कि राजस्व विभाग से स्थल का सीमांकन कराया जाए और सीमा विवाद का जल्द निराकरण किया जाए। साथ ही फोरलेन योजना की जानकारी के बावजूद निर्माण कराने वाले जिम्मेदार अधिकारियों की पहचान कर उनके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाए। मामले में शासकीय राशि के कथित दुरुपयोग की उच्च स्तरीय जांच की मांग भी उठाई गई है।

## जल गंगा संवर्धन अभियान में पुराने जल स्रोतों के संरक्षण पर जोर



अमरपुर।

शासन द्वारा चलाए जा रहे जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत अब पुराने जलस्रोतों को सहेजने की आवश्यकता पर जोर दिया जा रहा है। क्षेत्र में आज भी कई ऐसे पारंपरिक जलस्रोत मौजूद हैं जो समय और जरूरत के अनुसार उपयोगी साबित हो सकते हैं।ग्राम पंचायत रामगढ़ के जगमंडल पहाड़ पर स्थित एक प्राचीन जलस्रोत इसका उदाहरण है। स्थानीय मान्यता के अनुसार यह स्थान रानी अवंती बाई के आखेट स्थल से जुड़ा हुआ है और वर्तमान में भी यहां पानी उपलब्ध है। आसपास की भूमि उपजाऊ होने के कारण यहां औषधीय पौधों के रोपण का प्रस्ताव स्थानीय समिति द्वारा शासन को भेजा गया है। यदि इस स्थल पर तालाब का निर्माण किया जाता है तो जंगली जानवरों और पक्षियों को भी पेयजल उपलब्ध हो सकेगा।इसी तरह वनग्राम जैतपुरी में भी एक प्राचीन जलस्रोत मौजूद है जहां ग्रामीणों के अनुसार पूर्व में रामगढ़ के शासक शिकार के लिए पहुंचते थे। यहां आज भी जलस्रोत से पानी बहता देखा जा सकता है और मवेशियों के साथ चरवाहे भी इसका उपयोग करते रहे हैं। इस स्थल पर भी तालाब निर्माण की पर्याप्त संभावनाएं हैं।मोहनझिर ग्राम पंचायत के जोबा क्षेत्र के जंगल में भी ऐसा ही एक जलस्रोत है जिसमें साल भर पानी बना रहता है। ग्रामीणों के अनुसार किसान पहले यहां से नालियों के माध्यम से अपने खेतों की सिंचाई करते थे।ऐसे प्राकृतिक जलस्रोतों के संरक्षण और संवर्धन को समय की आवश्यकता बताते हुए ग्रामीणों ने इन स्थलों के विकास की मांग की है ताकि जल संकट के समय इनका बेहतर उपयोग किया जा सके।

## शहपुरा में स्वच्छता अभियान की खुली पोल शहीद स्मारक क्षेत्र में गंदगी का अंबार






हरिभूमि न्यूज शहपुरा।

नगर परिषद शहपुरा में स्वच्छता अभियान की हकीकत अब सामने आने लगी है। नगर के प्रमुख स्थल शहीद स्मारक क्षेत्र में चारों ओर गंदगी फैली हुई है। कचरे के ढेर और बजबजाती नालियां नगर परिषद की व्यवस्था पर सवाल खड़े कर रही हैं।स्थानीय लोगों का कहना है कि समस्या को लेकर कई बार जिम्मेदार अधिकारियों को अवगत कराया गया है। सोशल मीडिया पर भी फोटो और वीडियो साझा किए गए लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो सकी है।गंदगी और जलभराव के कारण मच्छरों का प्रकोप बढ़ता जा रहा है जिससे लोग बीमार पड़ रहे हैं। इसके बावजूद सफाई व्यवस्था में सुधार के लिए कोई ठोस पहल नजर नहीं आ रही है।नगरवासियों का आरोप है कि स्वच्छता के नाम पर लाखों रुपये खर्च किए जा रहे हैं लेकिन जमीनी स्थिति इसके विपरीत है। शहर की बदहाल हालत इन दावों की पोल खोल रही है।एक ओर केंद्र सरकार के स्वच्छ भारत मिशन के तहत जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं वहीं शहपुरा नगर परिषद क्षेत्र में हालात अलग दिखाई दे रहे हैं।अब यह देखना होगा कि प्रशासन और नगर परिषद के अधिकारी क्या कदम उठाते हैं और शहर की सफाई व्यवस्था में कब तक सुधार होता है।

## अवैध नलकूप खनन पर प्रशासन सख्त सूचना देने वालों को मिलेगा नगद पुरस्कार

डिंडौरी ।



जिले में अवैध नलकूप खनन को लेकर जिला प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया ने 6 फरवरी 2026 को जिले को जल अभावग्रस्त घोषित करते हुए निजी नलकूप खनन पर प्रतिबंध लगाया है। इसके बावजूद मिल रही शिकायतों के बाद प्रशासन ने कड़ी कार्रवाई शुरू कर दी है।इसी क्रम में 17 मार्च 2026 को विकासखंड अमरपुर के ग्राम पिपरिया के छिंदा टोला में बिना अनुमति नलकूप खनन की सूचना पर लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी उपखंड के सहायक यंत्री ने मौके पर पहुंचकर जांच की। निरीक्षण के दौरान संबंधित बोरवेल वाहन मौके से फरार मिला। ग्रामीणों के अनुसार वाहन द्वारा करीब 40 फीट तक खुदाई कर कार्य अधूरा छोड़ दिया गया और चालक वहां से भाग गया। जांच में यह भी पाया गया कि भूमिस्वामी के पास नलकूप खनन की कोई वैध अनुमति नहीं थी। इस पर बोरवेल वाहन मालिक अमन बोरवेल के खिलाफ थाना डिंडौरी में एफआईआर दर्ज कराने के लिए पत्र भेजा गया है। थाना प्रभारी ने मौके का निरीक्षण कर नियमानुसार कार्रवाई करने की बात कही है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि वर्तमान ग्रीष्मकालीन पेयजल संकट और भूजल संरक्षण को देखते हुए बिना अनुमति नलकूप खनन पूरी तरह प्रतिबंधित है। नलकूप खनन के लिए अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को आवेदन देना और आवश्यक होने पर लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की अनुशंसा प्राप्त करना अनिवार्य है।जिला प्रशासन ने घोषणा की है कि अवैध नलकूप खनन की सूचना देने वालों को नगद पुरस्कार दिया जाएगा। प्रशासन ने आमजन से अपील की है कि इस तरह की गतिविधियों की जानकारी तुरंत संबंधित अधिकारियों को दें ताकि समय पर प्रभावी कार्रवाई की जा सके।



## डिंडौरी में जनगणना कार्य के लिए प्रशिक्षण आयोजित

डिंडौरी।

डिंडौरी में जनगणना कार्य को सुचारू और त्रुटिरहित ढंग से संपन्न करने के उद्देश्य से बुधवार को कलेक्ट्रेट ऑडिटोरियम हॉल में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में एसडीएम सुश्री भारती मेरावी मुख्य रूप से उपस्थित रहीं।प्रशिक्षण में विकासखंड के राजस्व निरीक्षक पटवारी ग्राम पंचायत सचिव रोजगार सहायक मोबिलाइजर और शिक्षकों ने भाग लिया। इस दौरान एसडीएम ने जनगणना की अहमियत बताते हुए सभी कर्मचारियों को निर्धारित प्रपत्रों को सही और सावधानीपूर्वक भरने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनगणना एक महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य है जिससे विकास योजनाओं के लिए आवश्यक आंकड़े प्राप्त होते हैं।कार्यक्रम में अधिकारियों ने प्रतिभागियों को जनगणना की प्रक्रिया डेटा संग्रहण डिजिटल माध्यमों के उपयोग और विभिन्न प्रपत्रों को भरने की विस्तृत जानकारी दी। साथ ही उपस्थित कर्मचारियों की जिज्ञासाओं का समाधान भी किया गया।एसडीएम सुश्री मेरावी ने सभी कर्मचारियों को निर्देशित किया कि वे अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी जिम्मेदारी और गंभीरता से करें ताकि जनगणना कार्य समय पर और सफलतापूर्वक पूरा हो सके इस अवसर पर तहसीलदार रामप्रसाद मार्को नायब तहसीलदार शशांक शेण्डे सहित अन्य अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

## शहपुरा में कृषि विज्ञान मेला सम्पन्न किसानों को आधुनिक तकनीक की जानकारी




डिंडौरी ।

जिले के शहपुरा स्थित रानी दुर्गावती खेल मैदान में कृषि विज्ञान मेला सह प्रदर्शनी का आयोजन सफलतापूर्वक किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के तैलचित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन के साथ कन्या पूजन कर की गई।कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष श्रीमती प्रियंका आर्मो कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया जिला पंचायत सीईओ श्री दिव्यांशु चौधरी एसडीएम शहपुरा ऐश्वर्य वर्मा आत्मा प्रभारी सुश्री नेहा धुरिया सहायक संचालक कृषि सुश्री अभिलाषा चौरसिया सहित अन्य जनप्रतिनिधि और अधिकारी उपस्थित रहे।कृषि विज्ञान मेले का उद्देश्य किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों से जोड़ना और उन्नत खेती की जानकारी देना रहा। मेले में कृषि विभाग उद्यानिकी एवं खाद्य विभाग आत्मा स्वास्थ्य विभाग वन विभाग जनपद शिक्षा केंद्र महिला एवं बाल विकास विभाग ग्रामीण आजीविका मिशन नगर पालिका परिषद शहपुरा राजस्व विभाग और मत्स्य विभाग द्वारा शासकीय योजनाओं की प्रदर्शनी लगाई गई जिससे किसानों को योजनाओं की विस्तृत जानकारी मिली।कार्यक्रम के दौरान कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया ने कहा कि शासन की योजनाओं का लाभ हर किसान तक पहुंचाने के लिए जिला प्रशासन लगातार प्रयास कर रहा है। उन्होंने किसानों को प्राकृतिक खेती अपनाने और आय बढ़ाने की सलाह दी साथ ही वन अधिकार पत्र और अनुकंपा नियुक्ति जैसे लाभों की जानकारी भी दी। उन्होंने किसानों से अपील की कि वे किसी के बहकावे में न आएं और सीधे संबंधित विभाग से संपर्क कर योजनाओं का लाभ लें।कलेक्टर ने बताया कि वीबीजी राम जी योजना के तहत ग्राम पंचायतों में खेत तालाब और कुआं निर्माण कार्य संचालित हैं जिनका लाभ किसान उठा सकते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि खाद बीज सिंचाई और विद्युत से जुड़ी समस्याओं के समाधान के लिए किसान सीधे उनसे संपर्क कर सकते हैं।कार्यक्रम के अंत में अतिथियों द्वारा पात्र हितग्राहियों को वन अधिकार पट्टा अनुकंपा नियुक्ति पत्र कृषि सामग्री और अन्य योजनाओं के तहत हितलाभ वितरित किए गए।

## स्पेशल डीएलसीसी बैठक की समीक्षा संपन्न लंबित ऋण प्रकरणों के त्वरित निराकरण के निर्देश

डिंडौरी ।




कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया की अध्यक्षता में चालू वित्तीय वर्ष की अंतिम जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति की बैठक स्पेशल डीएलसीसी के रूप में आयोजित की गई।बैठक में सीईओ जिला पंचायत दिव्यांशु चौधरी एलडीएम रविशंकर सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग राजेन्द्र कुमार जाटव प्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र श्रीमती राधिका कुशरो सहित विभिन्न बैंकों के जिला समन्वयक और विभागीय अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।समीक्षा के दौरान प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना टंट्या मामा आर्थिक कल्याण योजना और पीएम विश्वकर्मा योजना में शत प्रतिशत उपलब्धि सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। पशुपालन और डेयरी विभाग के अंतर्गत किसान क्रेडिट कार्ड के 8 प्रकरणों में से 6 का निराकरण किया जा चुका है जबकि शेष प्रकरणों को 31 मार्च 2026 तक पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। आचार्य विद्यासागर गौ संवर्धन योजना के 12 में से 8 प्रकरण पूर्ण हो चुके हैं और बाकी प्रकरण भी तय समय सीमा में पूरे करने के निर्देश दिए गए।इसके अलावा मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना भगवान बिरसा मुंडा स्वरोजगार योजना संत रविदास स्वरोजगार योजना डॉ भीमराव अम्बेडकर आर्थिक कल्याण योजना और प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना की प्रगति पर संतोष व्यक्त करते हुए कलेक्टर ने बैंकों के कार्य की सराहना की।कलेक्टर श्रीमती भदौरिया ने कहा कि बैंक और विभागीय अधिकारी आपसी समन्वय के साथ कार्य करें ताकि जिले की आर्थिक प्रगति को गति मिल सके और शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाया जा सके।उन्होंने सीएम हेल्पलाइन के लंबित प्रकरणों की लगातार समीक्षा करने के निर्देश देते हुए कहा कि सभी शिकायतों का समय सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि सीएम हेल्पलाइन आमजन की समस्याओं के समाधान का महत्वपूर्ण माध्यम है इसलिए शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए प्राथमिकता के आधार पर कार्रवाई की जाए।कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रकरणों की नियमित मॉनिटरिंग करें और लंबित मामलों का शीघ्र निराकरण सुनिश्चित करें ताकि आमजन को राहत मिल सके।

## डॉ आनंद गोलदार बने अखिल भारतीय चिकित्सा संघ डिंडोरी के जिलाध्यक्ष




शहपुरा।

अखिल भारतीय चिकित्सा संघ डिंडोरी के नए जिलाध्यक्ष के रूप में डॉ आनंद गोलदार की नियुक्ति की गई है। इसकी घोषणा बांधवगढ़ में आयोजित जिला सम्मेलन के दौरान प्रदेश अध्यक्ष डॉ सिमरन रंधावा ने की। इस नियुक्ति को जिले में चिकित्सा संघ को मजबूत बनाने की दिशा में अहम कदम माना जा रहा है।डॉ गोलदार की नियुक्ति से चिकित्सा जगत में खुशी का माहौल है। जिले के अनेक चिकित्सकों ने उन्हें बधाई देते हुए विश्वास जताया है कि उनके नेतृत्व में संगठन नई मजबूती के साथ आगे बढ़ेगा।सम्मेलन में संगठन के राष्ट्रीय महासचिव डॉ सचेत व्यास ने भी नवनियुक्त जिलाध्यक्ष को शुभकामनाएं दीं और कहा कि उनके नेतृत्व में जिला इकाई और सशक्त होगी।डॉ आनंद गोलदार ने अपनी नियुक्ति पर आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वह संगठन की अपेक्षाओं पर खरा उतरने के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करेंगे। उन्होंने बताया कि जल्द ही जिला कार्यकारिणी का गठन किया जाएगा और चिकित्सकों के हितों को प्राथमिकता दी जाएगी।

**मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने पत्रकारों को किया संबोधित**

## देश मोदी के नेतृत्व में आगे बढ़ रहा: मंत्री पटैल







**हरिभूमि न्यूज़ - नरसिंहपुर।** बुधवार को भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं प्रदेश सरकार के पंचायत ग्रामीण विकास एवं श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल द्वारा पत्रकारवार्ता कर संबोधित किया गया। पत्रकारवार्ता भाजपा जिला अध्यक्ष राम स्नेही पाठक पूर्व राज्य मंत्री जालम सिंह पटेल पूर्व जिला अध्यक्ष महंत प्रीतमपुरी गोस्वामी व विधायक मीडिया प्रभारी वैभव नेमा की उपस्थिति में संपन्न हुई। पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने वैश्विक चुनौतियों पर भारत की मजबूती विषय पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि वर्तमान में दुनिया अस्थिरता के दौर से गुजर रही है जहां रूस यूक्रेन युद्ध चल रहा है वहीं दूसरी ओर अमेरिका इजराइल और ईरान के बीच युद्ध चल रहा है जिसके कारण सम्पूर्ण विश्व में तेल एवं गैस की आपूर्ति बाधित हुई है सम्पूर्ण विश्व इस आपूर्ति से परेशान है परन्तु देश के यशस्वी प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में युद्ध जैसी विषम परिस्थितियों में भारत तक गैस एवं तेल सुरक्षित पहुंच रहा है यह भारत के लिए एक बहुत बड़ी उपलब्धि है।

### जल गंगा संवर्धन पर की चर्चा

उन्होंने जल गंगा संवर्धन अभियान के तीसरे वर्ष की जानकारी देते हुए बताया कि पिछले वर्ष देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल मार्गदर्शन व प्रदेश के मुखिया मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश के ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा प्रदेश भर में जल गंगा संवर्धन जन अभियान बन गया है। जिसमे अनेको जल स्त्रोतों को जीवंत कर तालाबों का गहरीकरण नदी के उद्गम स्थलो का पुनर्जीवन के साथ ही नदी पर बोरी बंधान के माध्यम से पानी रोक कर जल के स्तर को बढाया गया अभियान की सफलता को देखते हुए प्रदेश सरकार ने इस वर्ष भी पुनः जारी रखा है।इस वर्ष सरकार की मंशा है कि जो कार्य पिछले वर्ष बरसात आने के कारण छूट गए थे उन्हे पूरा किया जाए साथ ही तालाबों का गहरीकरण इस प्रकार से किया जाए कि उसमें वर्ष भर पानी की निरंतरता बनी रहे जिससे गर्मी के मौसम में भी पानी की कमी न हो पाए। जल गंगा संवर्धन अभियान का मूल उद्देश्य ही नदियो को बारह मासी बनाना है।

### जल जीवन मिशन की दी जानकारी

उन्होंने प्रधानमंत्री की महत्वाकांक्षी योजना हर घर जल जल जीवन मिशन योजना की जानकारी देते हुए बताया कि प्रधानमंत्री मोदी जी का यह संकल्प था कि देश के हर घर में नल हो एवं उसमें शुद्ध पेय जल हो इस हेतु यह अभियान देशभर में चलाया जा रहा है। उनके इस संकल्प की पूर्ति हेतु म.प्र.सरकार व पंचायत विभाग कटिबद्ध है। इस हेतु म.प्र. ने भी यह अभियान वर्ष 2028 तक क्रियान्वयन हेतु बढ़ाई गई है। 2014 से पहले जहां देश की ग्रामीण आबादी शुद्ध पेय जल के लिये संघर्षरत थी खासतौर पर महिलाओं को शुद्ध पेयजल के लिये अपने घर से लंबी दूरी तय करना पड़ती थी नरेन्द्र मोदी जी ने देश की इन्ही माताओं बहनो का कष्ट समझते हुए जलजीवन मिशन की शुरूआत की। नरेन्द्र मोदी जी का एक बड़ा संकल्प है जिसका उद्देश्य शुद्ध पेयजल, आवास, सड़क, स्वच्छता और बिजली पहुचाना है यह कार्य पंचायतो के अधिकार क्षेत्र में आते है और इनकी मजबूती से ग्रामीण विकास को गति मिलती है।

### आवास योजना पर डाला प्रकाश

मंत्री प्रहलाद सिंह पटैल ने प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण की जानकारी देते हुए बताया कि 2014 से पहले जहां गांव उंगलियों पर गिनने लायक भी इन्द्रा आवास नहीं थे जबकि यह योजना अनेकों वर्षों से कांग्रेस द्वारा चलाई जा रही थी फिर भी जमीनी स्तर पर आज दिनांक तक एक भी इन्द्रा आवास देखने को नहीं मिलते जैसे ही 2014 में देश की जनता ने मोदी जी को अपना मत रूपी आशीर्वाद दिया उसी के बाद मोदी देश की ग्रामीण जनता के दर्द को समझते हुए कि गरीब झोपड़ी में किस प्रकार की कठिनाईयों को सहन करते हुए अपना जीवन यापन करता है कि समस्याओं के निराकरण हेतु प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण चालू की गई जिसके अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में मकान निर्माण हेतु राशि सीधे हितग्राही के खाते में दी गई जिसका परिणाम यह हुआ कि आज प्रत्येक गांव में सैकड़ों प्रधानमंत्री आवास है। जिन्हे अब सरकार की अन्य योजनाओं से जोड़कर सर्व सुविधा युक्त किया जा रहा है। इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार जन व पार्टी के ज्येष्ठ कार्यकर्ता व पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने सौंपा ज्ञापन, रखी मांग



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** बुधवार को ऑंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं की स्थानीय एवं प्रदेश स्तरीय समस्याओं के निराकरण के लिए म.प्र. बूलद आवाज नारी शक्ति ऑंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायक संगठन ने कलेक्टर एवं मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन डिप्टी कलेक्टर को सौंपा। ज्ञापन में उल्लेख किया है कि शासन द्वारा जो टेक होम राशन दिया जाता हैं उसे ऑंगनवाड़ी कार्यकर्ता को अपने स्वयं के खर्चे से परियोजन कार्यालय से केन्द्र तक लाना पडता हैं। टेक होम राशन समय से न मिलने के कारण हितग्राहियों को वितरण नहीं हो पाता और न ही उनका फेसकेपचर हो पाता, जिसके कारण कार्यकर्ताओं का मानदेय कटोती की जाती हैं। ऑंगनवाड़ी कार्यकर्ता को जो मोबाईल एवं बीएसएनल सिम दिये गये हैं वो वर्तमान कार्य के हिसाब से उपयुक्त नहीं हैं। दी गई सिम में सिग्नल एवं इंटरनेट की समस्या रहती हैं। जिससे संबंधित कार्य समय से नहीं हो पाते। उपयुक्त मोबाईल एवं एरिया नेटवर्क उपलब्धता देखते हुए सिम प्रदान की जावे।साथ ही मानदेय समय पर नहीं दिया जाता। जिससे सभी ऑंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायकाओं को आर्थिक समस्याओं के साथ जीवन यापन करना पड़ता हैं एवं कार्यकती साहायिकाभी को ग्रीष्मकालीन अवकाश दिया जाये। वही एक अन्य ज्ञापन में उल्लेख किया है कि उच्च न्यायालय जबलपुर रिट याचिका संख्या 5966/2023 निर्णय दिनांक 3.2.2026 आदेशानुसार सम्यावधि के भीतर नया आदेश दिलाया जावे। उच्च न्यायालय जबलपुर के आदेशानुसार 27.6.2019 से पहले दिए ज रहे मानदेय में अपना हिस्सा बहाल करें एवं बकाया राशि का भुगतान 6 प्रतिशत प्रतिवर्ष की ब्याज दर के साथ 120 दिन के अन्दर किया जाए। श्रमिकों के मानदेय से उचित मानदेय वृद्धि किया जाए। मानदेय सर्वोच्च न्यायालय दिल्ली के पारित आदेश मणिबेन मंगन भाई भारि निर्णय को ध्यान में रखते हुए उच्च न्यायालय जबलपुर के पारित आदेशानुरा। नए आदेश 6 माह की उचित अवधि के भीतर जारी कर याचिकाकर्ता को सूचित किया जाए।

## भारतीय किसान संघ की बैठक सम्पन्न, सौंपा ज्ञापन



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** भारतीय किसान संघ की जिला बैठक संतोष राय जिला अध्यक्ष के निवास पर रखी गई। बैठक में राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य गिरिजा देवी ने कहा की खेती में भी मातृशक्ति की भूमिका होनी चाहिए उज्जैन में लैंड पूलिंग एक्ट के विरोध में हजारों महिलाओं ने शक्ति प्रदर्शन किया और सरकार को लैंड पूलिंग एक्ट कानून को वापस लेने को मजबूर होना पड़ा मातृशक्ति जागेगी सारी समस्या भागेगी आपने ग्राम समिति से लेकर तहसील समिति एवं जिला समिति तक महिलाओं को भारतीय किसान संघ में जोड़ने की बात कही। संगठन मंत्री तुलाराम ने 2027 में 50 साल का भारतीय किसान संघ कैसा हो इस पर चर्चा की एवं जिले की प्रत्येक तहसील एवं तहसील के प्रत्येक ग्राम में किसानों की समिति बनाकर भारतीय किसान संघ को और मजबूत किया जाए । बैठक में आभार भारतीय किसान संघ के जिला अध्यक्ष संतोष राय एवं मंच संचालन जिला मंत्री अभिषेक पटेल ने किया। बैठक में भारतीय किसान संघ के प्रांत उपाध्यक्ष नारायण पटेल प्रांत मंत्री स्वदेश कोठारी, संभागीय अध्यक्ष अनिरुद्ध पटेल, प्रान्त सदस्य सरदार सिंह पटेल, नरसिंहपुर तहसील अध्यक्ष गोधन पटेल, करेली तहसील अध्यक्ष अनिल पटेल, गोटेगांव अध्यक्ष यशवंत पटेल, राजन जिला कोषाध्यक्ष विष्णु पटेल आदि मौजूद थे। बैठक के बाद भारतीय किसान संघ के सभी सदस्य कलेक्टर से मिले जहां पर गन्ना किसानों का भुगतान न होने पर नाराजगी व्यक्त की एवं जल्द भुगतान हो इसके लिए कलेक्टर को ज्ञापन दिया। कलेक्टर ने गन्ने का शीघ्र भुगतान कराने का आश्वासन दिया एवं जिला की अन्य समस्याओं के बारे में भी चर्चा की। इसके बाद करेली तहसील के ग्राम गोगावरी समिति की बैठक हुई।

### एक दिवसीय क्षमतावर्धन प्रशिक्षण किया गया आयोजित

**हरिभूमि न्यूज लखनादौन।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद (योजना, आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग, मध्यप्रदेश शासन) के निर्देशन में नवांकुर योजना के अंतर्गत ग्राम पंचायत गणेशगंज, विकासखण्ड लखनादौन में प्रस्फुटन समितियों का एक दिवसीय क्षमतावर्धन प्रशिक्षण आयोजित किया गया।

## ग्राम गुंजी की होनहार छात्रा महिमा पटेल का नवोदय विद्यालय में चयन, गांव में खुशी की लहर



**गोटेगांव (श्रीधाम):** समीपस्थ ग्राम गुंजी की प्रतिभाशाली छात्रा महिमा पटेल का कक्षा 6वीं के लिए नवोदय विद्यालय में चयन होने पर पूरे गांव में हर्ष और गर्व का माहौल है। महिमा की इस उपलब्धि से न केवल उनके परिवार, बल्कि पूरे क्षेत्र का नाम रोशन हुआ है।महिमा, श्री महेश पटेल एवं श्रीमती मंजू पटेल की सुपुत्री हैं। उनकी इस सफलता पर ग्रामवासियों, परिजनों एवं शुभचिंतकों द्वारा बधाइयों का तांता लगा हुआ है। सभी ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए इसे गांव के लिए गौरवपूर्ण क्षण बताया।महिमा ने अपनी इस सफलता का श्रेय अपने मार्गदर्शक श्री बाक सर तथा मोनार्क इंटरनेशनल स्कूल के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं को दिया है। उन्होंने बताया कि शिक्षकों के मार्गदर्शन, नियमित अध्ययन और अनुशासन के चलते ही वह इस मुकाम तक पहुंच सकीं।ग्रामीणों का कहना है कि महिमा की यह सफलता अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणा का स्रोत बनेगी। यह उपलब्धि दर्शाती है कि ग्रामीण क्षेत्र के छात्र भी मेहनत और लगन से बड़ी सफलता हासिल कर सकते हैं। ग्राम गुंजी में इस उपलब्धि को लेकर उत्सव जैसा माहौल है और सभी को महिमा से भविष्य में और भी बड़ी उपलब्धियों की उम्मीद है।

## माता सिंहवाहिनी दरबार में नवरात्रि पर्व को लेकर तैयारियां तेज, जवारे स्थापना का आयोजन



**गोटेगांव (श्रीधाम):** स्थानीय श्रीधाम रेलवे स्टेशन के समीप स्थित माता सिंहवाहिनी दरबार में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी चैत्र नवरात्रि पर्व के पावन अवसर पर श्रद्धा एवं भक्ति भाव के साथ जवारे स्थापना का आयोजन किया जा रहा है। इस धार्मिक आयोजन को लेकर मंदिर परिसर में तैयारियां प्रारंभ हो चुकी हैं और श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिल रहा है। सिंहवाहिनी सेवा समिति की आयोजित बैठक में निर्णय लिया गया कि इस वर्ष नवरात्रि पर्व के साथ-साथ श्रीराम जन्म महोत्सव भी बड़े ही हर्षोल्लास और धार्मिक वातावरण में मनाया जाएगा। पूरे आयोजन को भव्य और सुव्यवस्थित बनाने के लिए समिति द्वारा मंदिर की साफ-सफाई, सजावट एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं की जा रही हैं।समिति के अनुसार, जो श्रद्धालु अपनी ओर से माता रानी के दरबार में जवारे स्थापित कराना चाहते हैं, वे ₹2100 की राशि में एक बारी (जवारे स्थापना) करवा सकते हैं। इच्छुक भक्तों से अनुरोध किया गया है कि वे गुरुवार, दिनांक 19 मार्च 2026 को प्रातः मंदिर पहुंचकर अपना नाम दर्ज कराएं एवं निर्धारित राशि जमा करें।नवरात्रि का यह पर्व शक्ति की उपासना का विशेष समय माना जाता है, जिसमें भक्तगण माता दुर्गा के विभिन्न स्वरूपों की आराधना कर सुख-समृद्धि और कल्याण की कामना करते हैं। जवारे स्थापना भी इसी श्रद्धा का प्रतीक है, जो समर्पण, आस्था और सकारात्मक ऊर्जा का संदेश देती है।

## गौरैया के संरक्षण की जरूरत छात्रों ने घोंसले बनाकर दिया संदेश




**तेंदूखेड़ा।** विगत दिवस शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में ईको क्लब के छात्रों ने पर्यावरण संरक्षण के साथ साथ गोरैया चिड़ियों के संरक्षण का संदेश दिया और घोंसलों का निर्माण किया। विद्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम के अंतर्गत छात्रों ने घर से लाए गए विभिन्न प्रकार की सामग्री का उपयोग कर सुंदर एवं सुरक्षित घोंसले तैयार किए। इन घोंसलों को बाद में विद्यालय परिसर एवं आसपास के विभिन्न छायादार वृक्षों पर लगाया गया जिससे चिड़िया आसानी से अपना सुरक्षित आशियाना बना सकें। इस गतिविधि में विद्यालय के सभी छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को पुरस्कृत किया गया।इको क्लब के प्रभारी एवं अन्य शिक्षकों ने भी बच्चों का मार्गदर्शन किया और कार्यक्रम में सक्रिय सहभागिता निभाई। विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य जगदीश साहू ने भी इस पहल की सराहना करते हुए छात्रों को पर्यावरण के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया। इस आयोजन के माध्यम से छात्रों को न केवल रचनात्मक कार्य करने का अवसर मिला बल्कि उन्होंने प्रकृति एवं जीव-जंतुओं के संरक्षण के प्रति अपनी जिम्मेदारी को भी समझा। इको क्लब प्रभारी शिक्षक दीपक चडार श्रीमती संगीता सोनी एवं सुश्री प्रज्ञा उपाध्याय ने भी इस कार्यक्रम में सराहनीय योगदान दिया ।

## खबर संक्षेप

### आर्यन नवोदय विद्यालय में चयन



**तेंदूखेड़ा** विगत दिनों संपन्न हुई नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा में डोभी के प्रतिष्ठित रामदर्शन पटेल के सुपुत्र आर्यन पटेल का चयन हुआ है छात्र की इस सफलता पर परिजनों एवं विद्यालय परिवार ने शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।

### श्रेयांश पटेल का नवोदय विद्यालय में चयन



विगत दिनों नवोदय विद्यालय परीक्षा कक्षा छठवीं में प्रवेश को लेकर संपन्न हुई प्रवेश परीक्षा में श्री जी इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल के छात्र श्रेयांश पटेल पिता तरवर सिंह पटेल का चयन हुआ है। श्रेयांश की इस सफलता पर परिजनों एवं विद्यालय परिवार ने बधाईयां प्रेषित की हैं।

### पत्नि के हत्यारे पति को कारावास

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस न्यायालय अखिलेश शुक्ला प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वारा पत्नि की हत्या करने वाले आरोपी पति को आजीवन कारावास एवं जुर्माने से दंडित किया गया। अभियोजन में बताया गया कि आरोपी अशोक उईके को पत्नि की हत्या करने के आरोप मे धारा 103 बीएनएस मे आजीवन कारावास एवं 2000 रुपये के जुर्माने तथा 25/27 आर्म्स एक्ट में क्रमश 3-3 वर्ष का कारावास एवं 500-500 रूपये अर्थदंड से दंडित किया गया।

### इको क्लब के तत्वावधान में कार्यक्रम आयोजित



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस शासकीय हाई स्कूल खापा शेढ़ में इको क्लब के तत्वावधान में उन्मुखीकरण कार्यक्रम एवं कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। यह कार्यशाला प्राचार्य के निर्देशानुसार आयोजित की गई। कार्यशाला में विद्यार्थियों को स्वच्छता एवं जल संरक्षण के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही वर्षा जल संचयन, पानी की उपयोगिता एवं उसके संरक्षण के उपायों पर विशेष रूप से प्रकाश डाला गया। विद्यार्थियों को यह भी बताया गया कि स्वच्छता दो प्रकार की होती है व्यक्तिगत स्वच्छता एवं सामूहिक स्वच्छता, और दोनों का जीवन में अत्यधिक महत्व है। इस अवसर पर इको क्लब प्रभारी कुबेर सिंह पटेल एवं शिक्षकगण गेंदालाल काछी तथा प्रशांत सिंगोतिया द्वारा विद्यार्थियों को विभिन्न विषयों पर मार्गदर्शन प्रदान किया गया तथा कार्यशाला का संचालन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता का संकल्प लिया।

### टीम इखलास सिवनी ने जरूरतमंदों के बीच बांटी 120 से अधिक ईद किट

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** टीम इखलास सिवनी द्वारा ज़िलई जमीयत अहलेहदीस सिवनी (म.प्र.) की सरपरस्ती में ईद के पावन अवसर पर गरीब, यतीम, मिस्कीन, बेवा और जरूरतमंद परिवारों के बीच 120 से अधिक "ईद किट" वितरित किए गए। यह सेवा कार्य समाज के सहयोग और लोगों के डोनेशन से संभव हो सका। वितरित की गई ईद किट में सेवई, काजू, बादाम, किशमिश, चिरौं, दूध और चिकन जैसी आवश्यक सामग्री शामिल रही, जिससे लाभार्थी परिवार अच्छे से ईद मना सकें। संस्था के सदस्यों ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य जरूरतमंदों को ईद की खुशियों में शामिल करना और उनके चेहरों पर मुस्कान लाना है। उन्होंने कुरान की आयत का हवाला देते हुए कहा कि इंसान को अल्लाह की इबादत के साथ-साथ माता-पिता, रिश्तेदारों, यतीमों, गरीबों और पड़ोसियों के साथ अच्छा व्यवहार करना चाहिए।



## चैत्रीय नवरात्रि पर्व आज से

### मंदिरों में विशेष साज सज्जा

तेंदूखेड़ा शक्ति साधना का महापर्व चैत्रीय नवरात्रि पर्व आज से शुरू हो रहा है।माता रानी के दरबारों में विशेष साज सज्जा की गई है वहीं श्रद्धालु जन बड़ी संख्या में पहुंचकर जलाभिषेक कर पूजन अर्चन करेंगे। कोई नंगे पैर तो कोई मौन धारण कर माता रानी की आराधना में संलग्न होंगे। वहीं नगर के विभिन्न क्षेत्रों में जबारे कलश की स्थापना की जायेगी। नगर के प्रतिष्ठित शक्ति पीठ हरसिद्धि मंदिर सिंहवाहिनी काली मठ बीजासेन मंदिर के साथ साथ खेरापति मंदिरों में पूजा-अर्चना जलाभिषेक करेंगे।

### मां कर्मा देवी जयंती पर हुई विविध प्रतियोगिताएं




**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस साहू समाज की आराध्य देवी संत शिरोमणि मां कर्मा देवी आयोजन समिति द्वारा हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी भव्यता एवं दिव्यता के साथ बीते 16 मार्च, 17 मार्च 2026 दो दिवसीय कार्यक्रम को भक्त शिरोमणि मां कर्मा देवी जी 1010 वीं जयंती महोत्सव धूमधाम सें मनाई गई। इस अवसर पर समीति द्वारा विविध प्रतियोगिताएं आयोजित की गई तथा प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में सामाजिक बंधु उपस्थित रहे।

### खेत में रखे गन्ने की पत्तियों के ढेर में लगी आग



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** बुधवार को करेली थाना क्षेत्र में शाम करीब 5 बजे नेशनल हाईवे 44 के किनारे एक खेत में भीषण आग लग गई। खेत में रखे गन्ने की पत्तियों के ढेर धू-धू कर जलने लगे, जिससे इलाके में हड़कंप मच गया। आग लगते ही आसपास के लोग मौके पर जमा हो गए और अफरा-तफरी का माहौल बन गया। सूचना मिलने के काफी देर बाद दमकल की गाड़ी पहुंची, लेकिन तब तक गन्ने की पत्तियों के बड़ी संख्या में बंडल जलकर राख हो चुके थे। दमकलकर्मी काफी देर तक आग पर काबू पाने की कोशिश में जुटे रहे, तब जाकर आग बुझी। स्थानीय लोगों में इस बात को लेकर काफी नाराजगी है। उनका कहना है कि कंपनियां गन्ने की पत्तियों के बंडल बनाकर खेतों में लावारिस छोड़ देती हैं, जिसकी वजह से बार-बार ऐसी घटनाएं हो रही हैं। पिछले 15 दिनों के भीतर इस इलाके में आग लगने की यह तीसरी बड़ी घटना है। फिलहाल यह पता नहीं चल पाया है।